**SET – 1**

**Series : GBM/1/C**

कोड नं.
**Code No.** **59/1/1**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

सामान्य निर्देश :

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*(iii)* *प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **17** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **22** से **27** तक प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number **1 – 5** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Questions number **6 – 10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Questions number **11 – 16** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Questions number **17 – 21** are of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **21** is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number **22 – 27** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

1. शीत युद्ध के दौरान छोटे राज्यों का किसी एक महाशक्ति के साथ बंधे रहने का कोई एक कारण लिखिए । **1**

   State any one reason for the smaller states to remain tied to any one super power during the Cold War period.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

2. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'नई विश्व व्यवस्था' के प्रारम्भ होने के बारे में सत्य है ? **1**

A. कुवैत पर आक्रमण करके कब्ज़ा करने के पश्चात, इराक का एक शक्ति के रूप में उभरना ।

B. सोवियत संघ में 'समाजवाद' का कमजोर पड़ना ।

C. शीत युद्ध के दौरान लम्बी चुप्पी के बाद संयुक्त राष्ट्र का बल प्रयोग करके कुवैत को मुक्त करवाने का निर्णय ।

D. सोवियत संघ का विघटन ।

Which one of the following statements is true about the beginning of the 'new world order' ?

A. Emerging of Iraq as a power after it invaded and occupied Kuwait.

B. Weakening of socialism in the U.S.S.R.

C. The decision of the UN to get Kuwait liberated by force after years of deadlock during the Cold War.

D. Disintegration of the Soviet Union.

3. 1971 में, 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया और क्यों ? **1**

In 1971, who gave the slogan 'Garibi Hatao' (remove poverty) and why ?

4. जन आंदोलनों की आवश्यकता के पक्ष में कोई एक उपयुक्त तर्क दीजिए । **1**

Give any one suitable argument to support the need of popular movements.

5. 2014 के लोक सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सफलता के लिए, आपके विचार में कौन सा कारक मुख्य रूप से उत्तरदायी है ? **1**

In your opinion, which is the major factor responsible for the success of Bharatiya Janata Party (BJP) in 2014 Lok Sabha Elections ?

6. 'नाटो' के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए । **4 × ½ = 2**

Name any four member countries of NATO.

7. 'साझी परंतु अलग-अलग ज़िम्मेदारियां' इस धारणा के समर्थन में कोई दो उदाहरण दीजिए । **2 × 1 = 2**

Give any two examples to support the concept of 'common but differentiated responsibilities'.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

8. वैश्वीकरण ने किस प्रकार विश्वव्यापी आपसी जुड़ाव पैदा किया ? **2**

How has globalization created worldwide interconnectedness ?

9. सूची 'A' के अंतर्गत दिए गए नेताओं का सूची 'B' में दिए गए राजनीतिक दलों से सही मिलान कीजिए : **4 × ½ = 2**

| | **सूची – A** | | **सूची – B** |
|---|---|---|---|
| a. | सी. राजगोपालाचारी | i. | भारतीय जनसंघ |
| b. | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | ii. | द कम्युनिस्ट पार्टी |
| c. | आचार्य नरेंद्र देव | iii. | स्वतंत्र पार्टी |
| d. | ए.के. गोपालन | iv. | सोशियलिस्ट पार्टी |

Match correctly the leaders given in List 'A' with the political parties given in List 'B' :

| | **List – A** | | **List – B** |
|---|---|---|---|
| a. | C. Rajagopalachari | i. | Bharatiya Jana Sangh |
| b. | Shyama Prasad Mukherjee | ii. | The Communist Party |
| c. | Acharya Narender Dev | iii. | Swatantra Party |
| d. | A.K. Gopalan | iv. | Socialist Party |

10. गुट निरपेक्षता की नीति ने, किन दो तरीकों से भारत को लाभान्वित किया ? **2 × 1 = 2**

In which two ways did the policy of Non-alignment benefit India ?

11. सैन्य शक्ति के रूप में अमरीकी वर्चस्व की व्याख्या कीजिए । **4**

Explain the US Hegemony as a hard power.

12. यदि संयुक्त राष्ट्र जैसा कोई अंतर्राष्ट्रीय संगठन नहीं होता, तो उसके सम्भावित परिणाम क्या होते ? किन्हीं दो बिंदुओं की व्याख्या कीजिए । **2 × 2 = 4**

If there had not been any international organization like the United Nations, what would have been the possible consequences ? Explain any two points.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

13. स्वतंत्रता के बाद, भारत में राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **4**

Describe the process of reorganization of states in India after independence.

14. भारत की परमाणु नीति का मूल्यांकन कीजिए । **4**

Evaluate the nuclear policy of India.

15. दलित पैंथर्स की किन्हीं दो गतिविधियों की व्याख्या कीजिए । **$2 \times 2 = 4$**

Explain any two activities of the Dalit Panthers.

16. भारतीय राजनीति में 1990 के दशक की किन्हीं चार महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन कीजिए । **$4 \times 1 = 4$**

Describe any four important developments of the 1990s in Indian politics.

17. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$1 + 2 + 2 = 5$**

दोनों महाशक्तियां विश्व के विभिन्न हिस्सों पर अपने प्रभाव का दायरा बढ़ाने के लिए तुली हुई थीं । दुनिया दो गुटों के बीच बहुत स्पष्ट रूप से बँट गई थी । ऐसे में किसी मुल्क के लिए एक रास्ता यह था कि वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी एक महाशक्ति के साथ जुड़ा रहे और दूसरी महाशक्ति तथा उसके गुट के देशों के प्रभाव से बच सके ।

(a) अपने प्रभाव क्षेत्र को विस्तृत करने की इच्छुक दोनों महाशक्तियों की पहचान कीजिए ।

(b) दोनों महाशक्तियों के बीच विश्व का स्पष्ट बँटवारा क्यों हुआ ?

(c) दोनों गठबंधनों के साथ, भारत के शामिल न होने के दो मुख्य कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

The two super powers were keen on expanding their spheres of influence in different parts of the world. In a world sharply divided between the two alliance systems, a state was supposed to remain tied to its protective super-power to limit the influence of the other super-power and its allies.

(a) Identify the two super-powers that were keen to expand their area of influence.

(b) Why was there a sharp division of the world between the two super-powers ?

(c) Explain the two main reasons for India's not joining any of the two alliance systems.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

18. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 2 + 2 = 5**

"किसी भी समाज में कई समूह होते हैं । इनकी आकांक्षाएं अकसर अलग अलग और एक दूसरे के विपरीत होती हैं । ऐसे में हम इन आपसी टकरावों से कैसे निपट सकते हैं ? इसी सवाल का जवाब है – लोकतांत्रिक राजनीति ।" सत्ता और प्रतिस्पर्धा राजनीति की दो सबसे ज़्यादा ज़ाहिर चीजें हैं । लेकिन, राजनीतिक गतिविधि का उद्देश्य जनहित का फैसला करना और उस पर अमल करना होता है और ऐसा होना भी चाहिए । हमारे नेताओं ने इसी रास्ते को चुनने का फैसला किया ।

(a) भारतीय समाज से ऐसे किन्हीं दो समूहों को पहचानिए जिनकी आकांक्षाएं अलग अलग परंतु एक दूसरे के विपरीत हैं ।

(b) 'लोकतांत्रिक राजनीति विवादों को सुलझाने के लिए कई विकल्प प्रदान करती है ।' इस कथन को सिद्ध करने के लिए कोई एक उदाहरण दीजिए ।

(c) वर्तमान भारत संघ सरकार के किन्हीं दो निर्णयों की पहचान कीजिए जो जनहित में हैं ।

Read the passage given below and answer the questions that follow :

There are different groups with different and conflicting aspirations. How do we resolve these differences ? Democratic politics is an answer to this question. While competition and power are the two most visible things about politics, the purpose of political activity is and should be deciding and pursuing public interest. This is the route our leaders decided to take.

(a) Identify any two groups from Indian society which have different aspirations but opposite to each other.

(b) Give any one example to prove that democratic politics provides alternatives to resolve the conflicts.

(c) Identify any two decisions taken by the present Union Government of India which are in public interest.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

19. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 2 + 2 = 5**

रेलवे कर्मचारियों के संघर्ष से सम्बन्धित राष्ट्रीय समन्वय समिति ने रेलवे कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया । बोनस और सेवा से जुड़ी शर्तों के सम्बंध में अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल का यह आह्वान किया गया था । सरकार इन मांगों के खिलाफ थी । ऐसे में भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक उद्यम के कर्मचारी, मई 1974 में हड़ताल पर चले गए । रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल से मज़दूरों के असंतोष को बढ़ावा मिला । इस हड़ताल से मज़दूरों के अधिकार जैसे मसले तो उठे ही, यह सवाल भी उठा कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े हुए कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर सकते हैं या नहीं ।

(a) 1974 में हुई रेलवे हड़ताल का नेतृत्व करने वाले नेता का नाम लिखिए ।

(b) सरकार हड़ताली कर्मचारियों की हड़ताल के विरुद्ध क्यों थी ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए ।

(c) क्या आवश्यक सेवाओं से जुड़े मज़दूरों और कर्मचारियों को हड़ताल करने की अनुमति होनी चाहिए ? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए ।

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

A call for nationwide strike was given by all employees of the Railways for pressing their demands related to bonus and service conditions. The government was opposed to these demands. So, the employees of India's largest public sector undertaking went on a strike in May 1974. The strike by the Railway employees added to the atmosphere of labour unrest. It also raised the issues like rights of the workers and whether employees of essential services should adopt measures like strikes.

(a) Name the leader who led the Railway strike in 1974.

(b) Why was the Government of India opposed to the Railway strike ? Explain any two reasons.

(c) Should the workers and employees of essential services be allowed to go on strike ? Support your answer with a suitable argument.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform


20. 


ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 2 + 2 = 5**

(i) दोनों कार्टून किस देश से सम्बन्धित हैं ?

(ii) 'तब' और 'अब' के बीच इस देश की आर्थिक नीति में कोई दो अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(iii) कार्टून में दर्शाए गए परिवर्तन ने इस देश की अर्थव्यवस्था को कैसे लाभ पहुँचाया ?




Study the Cartoon given above carefully and answer the following questions :

(i) Both the Cartoons are related to which country ?

(ii) Bring out any two differences in the economic policy of this country between 'then' and 'now'.

(iii) How has the change shown in the Cartoon benefitted the economy of this country ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर हैं :

20.1 संयुक्त राज्य अमरीका के उस राष्ट्रपति का नाम लिखिए जिसने पहले खाड़ी युद्ध में विजय प्राप्त की थी ।

20.2 'वर्चस्व' को परिभाषित कीजिए ।

20.3 ऐसे दो देशों के नाम लिखिए जिनके विरुद्ध अमेरिका ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रयोग किया और क्यों ?

**Note :** The following questions are for the **visually impaired** candidates only in lieu of Question No. **20**

20.1 Name the President of the United States who had won the First Gulf War.


20.2 Define Hegemony.

20.3 Name any two countries against which the U.S. used its military power and why ?



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

21.




दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) और (E) द्वारा चिन्हित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन्हें पहचानिये और अपनी उत्तर–पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में लिखिए : **5 × 1 = 5**

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) यह राज्य भारत का पहला राज्य था जहाँ 1957 में पहली गैर–कांग्रेसी सरकार बनी ।

(ii) यह राज्य अमूल सहकारी दुग्ध परिसंघ का जन्म स्थान है ।


(iii) उत्तर भारत के इस राज्य को 1947 में विभाजन के समय, भारत और पाकिस्तान के बीच बाँटा गया था ।

(iv) इस राज्य को अनुच्छेद 370 के अंतर्गत विशेष दर्जा प्रदान किया गया था ।

(v) यह राज्य 1987 में गठित हुआ था ।



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

21. 


In the given political outline map of India, five states have been marked as (A), (B), (C), (D) and (E). Identify these states with the help of information given below and write their correct names in your answer book along with the serial number of the information used and the related alphabet as per the following table.

| Serial No. of the information used | Related Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) This state was the first in India where a Non-Congress government was formed in 1957.

(ii) This state is the birth place of Amul Dairy Co-operative.

(iii) This Northern State was divided between India and Pakistan at the time of partition in 1947.

(iv) This State was given a special status under Article 370.

(v) This State was formed in 1987.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं : **1 + 1 + 2 + 1 = 5**

21.1 कौन सा राज्य उत्तर प्रदेश से अलग करके बनाया गया था ?

21.2 स्वतंत्र भारत के किस राज्य में, पहली गैर–कांग्रेसी सरकार बनी थी ?

21.3 ब्रिटिश भारत के वे दो राज्य कौन से थे, जिन्हें 1947 में विभाजन के समय भारत और पाकिस्तान के बीच विभक्त किया गया था और क्यों ?

21.4 स्वतंत्रता से पहले, किस राजनीतिक दल ने 'द्विराष्ट्र का सिद्धान्त' दिया था ?

**Note :** The following questions are for the **visually impaired** candidates only in lieu of Question No. **21** :

21.1 Which State was carved out of Uttar Pradesh ?

21.2 Which State of free India had the first Non-Congress government ?

21.3 Which two states of British India were bifurcated between India and Pakistan at the time of partition in 1947 and why ?

21.4 Which political party gave the 'Two Nation Theory' before independence ?

22. आपके विचार में, गुट निरपेक्ष आंदोलन अब किस सीमा तक अप्रासंगिक हो गया है ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क प्रस्तुत कीजिए । **6**

अथवा

कोई ऐसे तीन उपाय सुझाइये जिनसे सोवियत संघ को विघटन से बचाया जा सकता था । **3 × 2 = 6**

In your opinion, how far has Non-Aligned Movement (NAM) become irrelevant today ? Give reasons to support your answer.

**OR**

Suggest any three measures which could have saved the Soviet Union from disintegration.

23. चीन की सरकार द्वारा उठाए गए, किन्हीं तीन मुख्य कदमों की व्याख्या कीजिए, जिनसे चीनी अर्थव्यवस्था का उत्थान हुआ । **3 × 2 = 6**

अथवा

पाकिस्तान में स्वतंत्रता के बाद से, वहाँ पर सेना और लोकतंत्र की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **3 + 3 = 6**

Explain any three major steps taken by the Chinese government which led to the rise of the Chinese economy.

**OR**

Explain the role of military and democracy in Pakistan since its independence.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

24. पारम्परिक और गैर–पारम्परिक सुरक्षा के बीच कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

यदि आपको संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिले, तो आप संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए कौन से तीन मुख्य तर्क देंगे ? समझाइए ।

Explain any three differences between traditional and non-traditional security.

**OR**

If you are given a chance to represent India in the U.N. General Assembly, which three main arguments would you give to support India's candidature for the permanent membership of the U.N. Security Council ? Explain.

25. पर्यावरणीय चिंता के किन्हीं तीन वैश्विक मुद्दों का उल्लेख कीजिए । इन मुद्दों के समाधान हेतु अभी तक कौन से प्रयास किए गए हैं ? **3 × 2 = 6**

**अथवा**

वैश्वीकरण के किन्हीं तीन–तीन सकारात्मक तथा नकारात्मक परिणामों का वर्णन कीजिए । **3 + 3 = 6**

Mention any three global issues of environmental concern. What efforts have so far been made to tackle such issues ?

**OR**

Describe any three positive and negative consequences each of globalisation.

26. 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के किन्हीं चार कारणों का विश्लेषण कीजिए । आपके विचार में इनमें से कौन से कारण न्यायसंगत हैं ? **4 × 1½ = 6**

**अथवा**

1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

Analyse any four reasons for the declaration of National Emergency in 1975. In your opinion, which reasons are justified ?

**OR**

Analyse any three factors responsible for the split of the Congress Party in 1969.

27. नर्मदा बचाओ आंदोलन की किन्हीं चार मांगों का वर्णन कीजिए । **4 × 1½ = 6**

**अथवा**

जम्मू–कश्मीर की संघर्ष भरी राजनीति के किन्हीं छः कारणों का उल्लेख कीजिए । **6 × 1 = 6**

Describe any four demands of the Narmada Bachao Aandolan.

**OR**

Mention any six reasons for the conflict-ridden politics of Jammu and Kashmir.



collegedunia
India's largest Student Review Platform